रजि० सं० डी-(डी)-73 REGISTERED NO. D-(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 29] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 16, 1977 (आषाढ़ 25, 1899)
No. 29] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 16, 1977 (ASADHA 25, 1899)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 1
PART III—SECTION 1

उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संलग्न और अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं

(Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, the Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India)

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110011 दिनांक 31 मई 1977

सं० ए० 32013/3/76-प्रशा०-I—इस कार्यालय की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 7-5-1977 के अनुक्रम में भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी श्री एम० एस० थान्वी को, राष्ट्रपति द्वारा 9-5-1977 से 30-6-1977 तक की अतिरिक्त अवधि के लिए, अथवा आगामी आदेशो तक, जो भी पहले हो, संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में उप सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है।

सं० ए० 32014/1/77-प्रशा०-I—संघ लोक सेवा आयोग के संवर्ग मे स्थायी वैयक्तिक सहायक (के० स० स्टे० से० का ग्रेड ग) श्री के० सुन्दरम को राष्ट्रपति द्वारा 25-5-1977 से 31-7-1977 तक 65 दिन की अवधि के लिए, अथवा आगामी आदेशो तक, जो भी पहले हो उसी संवर्ग में पूर्णत, अस्थायी और तदर्थ आधार मे वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (के० स० स्टे० से० का ग्रेड ख) मे स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

दिनांक 7 जून 1977

सं० ए० 32013/1/76-प्रशा०-I—संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के ग्रेड-I के स्थायी अधिकारी श्री अनिलेन्दु गुप्त को, राष्ट्रपति द्वारा 16-5-1977 से 30-6-1977 तक की अवधि के लिए, अथवा आगामी आदेशो तक, जो भी पहले हो, उक्त सेवा के चयन ग्रेड मे उप सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है।

प्रा० ना० मुखर्जी
अवर सचिव
संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1977

सं० ए० 11013/2/74-प्रशा०-II—संघ लोक सेवा आयोग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 25-3-1977 के अनुक्रम मे सलाहकार, संघ लोक सेवा आयोग एतद्द्वारा संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियो/ सहायको को आयोग के कार्यालय में 1-6-1977 से दो मास की अतिरिक्त अवधि के लिए अथवा आगामी आदेशो तक, जो भी पहले हो, अनुभाग

अधिकारी (विशेष) के पद पर तदर्थ आधार में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	नाम	के० स० से० के संवर्ग में पद
1.	श्री बी० एस० जगोपोता	अनुभाग अधिकारी
2.	श्री आर० एन० खुराना	अनुभाग अधिकारी
3.	श्री एस० श्रीनिवासन	अनुभाग अधिकारी
4.	श्री एस० के० अरोड़ा	सहायक
5.	श्री जी० बी० माथुर	सहायक

उपर्युक्त अधिकारियों की नियुक्ति अनुभाग अधिकारी (विशेष) के पद पर प्रतिनियुक्ति पर होगी और उनका वेतन समय समय पर संशोधित वित्त मंत्रालय के का० ज्ञा० सं० एफ० 10 (24) -ई० III/60 दिनांक 4-5-1961 में निहित शर्तों के अनुसार विनियमित होगा।

प्रभातनाथ मुखर्जी, अवर सचिव
कृते सलाहकार

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 23 जून 1977

सं० ओ०-II-15/74-स्थापना/पर्स-4 —राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा के बिहार संवर्ग के अधिकारी, श्री एस० एम० घोष को जो इस समय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में पुलिस महा निरीक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति पर है केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक के पद पर नियुक्त करते हैं।

श्री घोष ने 1-6-77 के पूर्वाह्न में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस महानिरीक्षक एस० III, दिल्ली के पद का कार्यभार सौंप दिया तथा उसी दिन के पूर्वाह्न में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक के पद का कार्यभार संभाल लिया।

सी० चक्रवर्ती,
निदेशक
महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

नई दिल्ली-110001, दिनांक 25 जून 1977

सं० ओ०-II-1046/76-स्थापना—महानिदेश केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने डाक्टर कोशी ऐयापन को, 18-6-1977 के पूर्वाह्न केवल 3 माह के लिये, अथवा उस पद पर नियमित नियुक्त होने तक, इनमें जो भी पहले हो उस तारीख तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के पद पर तदर्थ रूप में नियुक्त किया है।

सं० ओ०-II-1061/77-स्थापना—राष्ट्रपति डाक्टर मोहन चरण सेठी को अस्थायी रूप में आगामी आदेश जारी होने तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में जी० डी० ओ० ग्रेड-II (डी० एस० पी०/कम्पनी कमांडर) के पद पर उनको 9-6-1977 पूर्वाह्न से नियुक्त करते हैं।

सं० ओ०-II-1064/77—स्थापना—राष्ट्रपति डाक्टर कुलभूषण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश जारी होने तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में जी० डी० ओ० ग्रेड-I (सहायक कमांडेंट) के पद पर उनको 17-6-77 पूर्वाह्न से नियुक्त करते।

सं० ओ०-II-1065/77-स्थापना—राष्ट्रपति डाक्टर ललित कुमार श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश जारी होने तक [illegible] य रिजर्व पुलिस दल में जी० डी० ओ० ग्रेड-II (डी० [illegible]ए० पी० / कम्पनी कमांडर) के पद पर उनको 20-6-77 पूर्वाह्न से नियुक्त करते हैं।

दिनांक 29 जून 77

सं० ओ०-II-1063/77-स्थापना—राष्ट्रपति डाक्टर सुरेश कुमार बागजी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश जारी होने तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में जी० डी० ओ० ग्रेड- (डी० एस० पी०/कम्पनी कमांडर) के पद पर उनकी 14-6-1977 अपराह्न से नियुक्त करते हैं।

ए० के० बन्धोपाध्याय
सहायक निदेशक प्रशासन

महानिरीक्षक का कार्यालय

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

नई दिल्ली-24, दिनांक 16 जून 1977

सं० ई० 38013(3)/2/77-कार्मिक—राष्ट्रपति, श्री एन० सी० सेन गुप्ता को तदर्थ आधार पर के० औ० सु० ब० यूनिट हल्दिया डॉक प्रोजेक्ट का स्थानापन्न रूप से सहायक कमांडेंट नियुक्त करते हैं और उन्होंने 9 मई, 1977 के पूर्वाह्न से उक्त पद का कार्यभार सम्भाल लिया।

सी० सिं० बिष्ट
महानिरीक्षक

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

बैंक नोट मुद्रणालय

देवास, दिनांक 4 जून 1977

पत्रावली क्र० बी० एन० पी०/ इ०/8/एन० -6—श्री एम० लक्ष्मीनारायन, स्थायी निरीक्षक नियन्त्रण जो कि बैंक नोट मुद्रणालय में दिनांक 4-6-76 से तदर्थ आधार पर स्थानापन्न उप-नियन्त्रण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे का दिनांक 29 मई, 1977 के अपराह्न से निरीक्षक नियन्त्रण के पद पर प्रत्यावर्तन किया जाता है।

पी० एस० शिवराम
महा प्रबन्धक

भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा विभाग

कार्यालय महालेखाकार, वाणिज्य, निर्माण कार्य तथा विविध

नई दिल्ली, दिनांक 25 जून, 1977

सं० प्र० 1/2 (1)/V/ 1286—(1) महालेखाकार, वाणिज्य, निर्माण तथा विविध, नई दिल्ली श्री के० ग्रार० बत्रा की दिल्ली विकास प्राधिकरण नई दिल्ली में विदेश सेवा काल के दौरान अपने कार्यालय में लेखा अधिकारी संवर्ग में स्थानापन्न रूप में 840-40-1000 द० रो०-40-1200 रुपये के वेतनमान में एन० बी० ग्रार० के अन्तर्गत 30-4-77 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक अनन्तिम रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं।

(2) महालेखाकार, वाणिज्य, निर्माण कार्य तथा विविध, नई दिल्ली श्री एम० एल० सलवान की भी उनकी बदरपुर थर्मल योजना में प्रति नियुक्ति के दौरान, अपने कार्यालय में लेखाधिकारी के रूप में स्थानापन्न रूप में 840-40-1000 द० रो०-40-1200 रु० के वेतनमान में एन० बी० ग्रार० के अन्तर्गत 1-6-77 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक अनन्तिम रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं।

ए० ० मान

उपमहालेखाकार (प्र)

महालेखाकार का कार्यालय, आन्ध्र प्रदेश

हैदराबाद, दिनांक 22 जून, 1977

महालेखाकार, आन्ध्र प्रदेश, हैदराबाद कार्यालय के अधीन लेखा सेवा के स्थायी सदस्य श्री के० जार्ज को महालेखाकार आन्ध्र प्रदेश हैदराबाद द्वारा वेतनमान रु० 840-40-1000 ई० बी०-40-1200 पर उसी कार्यालय में स्थानापन्न लेखा अधिकारी के पद पर 18-6-77 के पूर्वाह्न से जब तक आगे आदेश न दिये जाएं, नियुक्त किया जाता है। यह पदोन्नति उनसे वरिष्ठ सदस्यों के दावे पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली नहीं है।

एस० ग्रार० मुखर्जी

प्रवर उप-महालेखाकार (प्रशासन)

महालेखाकार का कार्यालय, बिहार

रांची, दिनांक 25 जून, 1977

सं० एल० ए० प्रशासन-I-इस्टे०- /1905—महालेखाकार बिहार रांची अपने कार्यालय के स्थानीय अंकेक्षण प्रशाखा के श्री श्रीनन्दन लाल दास अनुभाग अधिकारी (अंकेक्षण) को दिनांक 22-6-77 पूर्वाह्न में अगले आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक स्थानीय लेखा परीक्षक बिहार के पद पर सहर्ष पदोन्नत करते हैं।

सं० एल० ए० प्रशासन I इस्टे० I - 191—महालेखाकार बिहार रांची अपने कार्यालय के स्थानीय अंकेक्षण प्रशाखा के श्री लक्ष्मण दास अनुभाग अधिकारी (अंकेक्षण) दिनांक 22-6-77 पूर्वाह्न में अगले आदेश होने तक स्थानापन्न, सहायक स्थानीय लेखा परीक्षक, बिहार के पद पर सहर्ष पदोन्नत करते हैं।

सं० एल० ए० प्रशासन I-इस्टे० I/1917—महालेखाकार बिहार रांची अपने कार्यालय के स्थानीय अंकेक्षण प्रशाखा के श्री वीरेन्द्र प्रसाद वर्मा अनुभाग अधिकारी (अंकेक्षण) को दिनांक 22-6-77 पूर्वाह्न में अगले आदेश होने तक स्थानापन्न, सहायक स्थानीय लेखा परीक्षक, के पद पर सहर्ष पदोन्नत करते हैं।

के० रामनाथन

स्थानीय लेखा परीक्षक, बिहार, रांची

कार्यालय महालेखाकार, महाराष्ट्र-I

बम्बई, दिनांक 27 जून, 1977

सं० प्रशा०-1 भा० ले० वि० /31-खण्ड-3/2 —महालेखाकार महाराष्ट्र-1, बम्बई, अधीनस्थ लेखा सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को उनके नाम के सम्मुख निर्दिष्ट किये गये दिनांक से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से लेखा अधिकारी नियुक्त करते हैं।

क्र० सं०	नाम	दिनांक
1.	श्री जी०एस० भिडे	10-6-1977 (पूर्वाह्न)
2.	श्री पी० जी० नगरकर	8-6-1977 (पूर्वाह्न)
3.	कु० एस० जी० देव	8-6-1977 (अपराह्न)
4.	श्री बी० एन० पाध्ये	8-6-1977 (अपराह्न)

श्रीमती र० कृष्णन कुट्टी

वरिष्ठ उपमहालेखाकार/प्रशासन

रक्षा मंत्रालय

भारतीय ग्रार्डनैन्स फैक्टरियां स्वास्थ्य सेवाएं,

महानिदेशालय, ग्रार्डनैन्स फैक्टरियां

कलकत्ता 700069, दिनांक 21 जून 1977

सं० 23/77/जी०—राष्ट्रपति, डा० बी० ग्रार० चौधरी, स्थानापन्न डी० ए० डी० जी० ग्रो० एफ० सेंड को दिनांक 27 सितम्बर, 1976 से, अन्य आदेश न होने तक, स्थानापन्न प्रिंसिपल मैडिकल अफसर के पद पर तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं।

दिनांक 23 जून, 1977

सं० 27/77/जी०—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अधिकारियों को अस्थायी सहायक प्रबन्धक/ टी० एस० ओ० के पद पर प्रत्येक के सामने दर्शायी गई तारीखों से, अन्य आदेश न होने तक, नियुक्त करते हैं।

1. डा० अभिजित दुरकायस्थ 10 दिसम्बर, 1976।
2. श्री चन्द्रशेखरपुरम स्वामीनाथ रामानाथन 6 दिसम्बर, 1976

3.	श्री कोल्लामपरमपिल जॉन कुरुविल्ल,	6 दिसम्बर, 1976 ।
4.	श्री सुधीन कुमार रे	1 अप्रैल, 1977 ।
5.	श्री मुथालमपेट गोपालकृष्णन्	3 जनवरी, 1977 ।
6.	श्री सत्यकिंकर देशमुख	11 दिसम्बर, 1976 ।
7.	श्री रामकृष्ण विश्वनाथ वैद्य,	11 जनवरी, 1977 ।
8.	श्री प्रभु सवलराम काम्ले,	2 दिसम्बर, 1976 ।
9.	श्री चुड़ामणि मिश्रा,	1 दिसम्बर, 1976 ।
10.	श्री क्राइस्ट मुक्ति प्रसाद कुजुर,	24 नवम्बर, 1976 ।

दिनांक 24 जून 1977

सं० 28/77/जी०—राष्ट्रपति श्री पी० एल० जलोटा, स्थायी महाप्रबन्धक, ग्रेड-II को, स्थानापन्न डी० डी० जी० ओ० एफ०, स्तर-II के पद पर, दिनांक 15 अक्तूबर, 1976 (पूर्वाह्न) से नियुक्त करते हैं ।

एम० पी० आर० पिल्लाय
सहायक महानिदेशक, आर्डनेन्स फैक्टरियां

वाणिज्य मंत्रालय

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 मई 1977

आयात तथा निर्यात व्यापार नियंत्रण
(स्थापना)

सं० 6/302/55-प्रशा० (राज०) / 4421—राष्ट्रपति, कुमारी एस० के० ग्रेवाल, उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (केन्द्रीय सचिवालय सेवा से भिन्न) को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली में बिल्कुल तदर्थ और अस्थायी आधार पर 1-2-77 से 30-6-77 तक अथवा जब तक स्थायी प्रबन्ध न हो जाए, इसमें जो भी पहले हो उस तक के लिए संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के रूप में नियुक्त करते हैं ।

सं० 6/1018/74-प्रशासन (राज०) / 4440 —सेवा निवृत्ति की आयु होने पर, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी वर्ग में स्थानापन्न अधिकारी, श्री डी० आर० खत्री ने 31 मई, 1977 के अपराह्न से इस कार्यालय में नियंत्रक, आयात-निर्यात के पद का कार्य-भार छोड़ दिया ।

दिनांक 21 जून 1977

सं० 6/1149/76-प्रशासन (राज०) 4373—राष्ट्रपति, श्री स्वर्ण सिंह, आशुलिपिक श्रेणी "बी०" (तदर्थ) को दिनांक 30 अप्रैल, 1977 (पूर्वाह्न) से आगे के आदेश होने तक, अस्थायी रूप से आशुलिपिक श्रेणी 'बी०' के रूप में बने रहने की अनुमति प्रदान करते हैं ।

सं० 6/1166/77-प्रशासन (राज०)/4367—राष्ट्रपति, श्री एम० एल० बस्सी, आशुलिपिक श्रेणी 'बी०' (तदर्थ) को दिनांक 30 अप्रैल, 1977 (पूर्वाह्न) से आगे आदेश होने तक आशुलिपिक श्रेणी 'बी' के रूप में अस्थायी आधार पर बने रहने की अनुमति प्रदान करते हैं ।

ए० एस० गिल
मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात

नई दिल्ली, दिनांक 25 जून 1977

सं० 3/1/76-प्रशासन (राज०) / 4515—मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात एतद्द्वारा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मनोनीत किये गए निम्नलिखित अधिकारियों को इस कार्यालय में 20 जून, 1977, के दोपहर पूर्व से आगे के आदेश होने तक नियंत्रक, आयात-निर्यात श्रेणी-2 (केन्द्रीय सचिवालय सेवा से भिन्न) के रूप में स्थानापन्न रूप में नियुक्त करते हैं :—

1. श्री एस० राजा शेखर
2. श्री बी० सी० बागची
3. श्री टी० के० चौधरी
4. श्री एस० के० दादू
5. श्री एम० बी० गुरुराजा राव
6. श्री एन० एन० घोष
7. श्री डी० एस० मोंगिया
8. श्री के० एन० नटराजन
9. श्री एस० के० वेंकटेश्वरन
10. श्री एस० नारायण नायर
11. श्री एम० एल० भूटानी
12. श्री के० के० राय
13. श्री अशोक बनसोद
14. श्री सी० वी० निरालाराजन
15. श्रीमती माया देवी केम
16. श्री एस० एल० गेडे
17. श्री सूरत सिंह
18. श्री बी० आर० कावत ।

2. नियंत्रक, आयात-निर्यात के रूप में उपर्युक्त अधिकारी से नियमानुसार 650-30-740-35-810-द० रो०- 880-40-1000 द० रो०- 40- 1200 रुपये के वेतनमान में वेतन प्राप्त करेंगे ।

ए० टी० मुखर्जी
उप-मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात
कृते मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय

(प्रशासन शाखा-1)

नई दिल्ली, दिनांक 23 जून 1977

सं० प्र०-1/1(414)/II—राष्ट्रपति, पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय, नई दिल्ली में सहायक निदेशक (ग्रेड-I) भारतीय पूर्ति सेवा, ग्रुप ए० के० ग्रेड-III) श्री हरनारायण को दिनांक

6 जून, 1977 के पूर्वाह्न से तथा आगामी आदेशों तक जारी होने तक इसी महानिदेशालय, नई दिल्ली में उपनिदेशक, पूर्ति (भारतीय पूर्ति सेवा, ग्रुप ए के ग्रेड-II) के रूप में स्थानापन्न रूप से तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं।

कीरत सिंह
उप निदेशक (प्रशासन)
कृते महानिदेशक, पूर्ति तथा निपटान

विस्फोटक सामग्री विभाग

नागपुर, दिनांक 23 जून, 1977

सं० ई०-II(7) —इस विभाग की समय समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं० ई०-II(7), दिनांक 11 जुलाई, 1969 में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात्:

श्रेणी-6 भाग-3 के अधीन

(1) प्रविष्टि "डिले डिटोनेटर रिलेस" के पूर्व "कोल डिले डिटोनेटर्स" जोड़ा जाये।

इगुव नरसिंह मूर्ति
मुख्य विस्फोटक नियंत्रक

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान विभाग)

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

कलकत्ता-700016, दिनांक 21 जून, 1977

सं० 40/59/सी/19 ए—भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अधीक्षक श्री अनन्तदेव मुखर्जी को सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में, उसी विभाग में, वेतन नियमानुसार 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रु० के वेतन मान में, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के कोयला प्रभाग, कलकत्ता के सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री बी० एम० गुहा जो छुट्टी पर हैं, के स्थान पर, तदर्थ आधार पर, आगामी आदेश होने तक, 1-6-77 के पूर्वाह्न से पदोन्नति पर नियुक्त कर रहे हैं।

एस० वी० पी० अयंगर
उप महानिदेशक (मुख्यालय)

भारतीय खान ब्यूरो

नागपुर, दिनांक 21 जून 1977

स० ए० 19011/40/70/स्था०ए० —राष्ट्रपति, श्री के० कुमार, उप खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो को दिनांक 8-6-1977 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक उसी विभाग में स्थानापन्न क्षेत्रीय खान नियंत्रक के रूप में सहर्ष नियुक्ति प्रदान करते हैं।

सं० ए०/19011/21/70-स्था० एम०—राष्ट्रपति श्री बी० सी० मिश्र, उप खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो को दिनांक 6 जून 1977 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक उसी विभाग में स्थानापन्न क्षेत्रीय खान नियंत्रक के रूप में सहर्ष नियुक्ति प्रदान करते हैं।

सं० ए०19011(90)/75-स्था० ए०—डा० ए० के० राय, स्थायी सहायक अयस्क प्रसाधन अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो को दिनांक 1 जून, 1977 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक उसी विभाग में वर्ग 'अ' के पद में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न उप अयस्क प्रसाधन अधिकारी के रूप में पदोन्नति प्रदान की जाती है।

सं० ए० 19012/91/77-स्था० ए०—श्री आर० एन० कोस्टा, स्थायी वरिष्ठ तकनीकी सहायक (अयस्क प्रसाधन) को दिनांक 7 जून, 1977 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक भारतीय खान ब्यूरो में वर्ग 'ब' के पद में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न सहायक अनुसन्धान अधिकारी (अयस्क प्रसाधन) के रूप में पदोन्नति प्रदान की जाती है।

सं० ए० 19012/92/77-स्था० ए०—श्री एम० सी० श्रीवास्तवा, स्थायी वरिष्ठ तकनीकी सहायक (अयस्क प्रसाधन) को दिनांक 7 जून, 1977 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश होने तक भारतीय खान ब्यूरो में वर्ग "ब" के पद में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न सहायक रसायनविद के रूप में पदोन्नति प्रदान की जाती है।

सुरेश चन्द
कार्यालय अध्यक्ष
भारतीय खान ब्यूरो

शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय

[अनौपचारिक (प्रौढ़) शिक्षा निदेशालय]

नई दिल्ली, दिनांक 29 जून 1977

सं० एफ० 5-6/77 अ० (प्रौ०) शि० नि०—शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय से तबादला होने पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर श्री सत्य प्रकाश आर्य को 4-6-1977 (अपराह्न) से एक वर्ष की अवधि के लिए 650-30-740-35-880-द० रो०-40-960 रुपए के वेतनमान में अनौपचारिक (प्रौढ़) शिक्षा निदेशालय, नई दिल्ली में हिन्दी अधिकारी के रूप में स्थानापन्न तौर पर नियुक्त किया जाता है।

डी० एन० सक्सेना
निदेशक

राष्ट्रीय अभिलेखागार

नई दिल्ली-1, दिनांक 24 जून 1977

स० क०. 11-14/76ए-1—श्री सुरेन्द्र सिंह रेखी, सहायक पुरालेखाधिकारी ग्रेड 1 (सामान्य) नितांत तदर्थ आधार पर

पुरालेखाधिकारी (सामान्य) (बी ग्रेड राजपत्रित) 17-6-77 से आगामी आदेश तक नियुक्त किए गए । यह तदर्थ नियुक्ति नियमित नियुक्ति के लिए किसी भी प्रकार के दावे का अधिकार प्रदान नहीं करेगी और न अन्य उच्च ग्रेड में पदोन्नति हेतु पात्रता और वरिष्ठता सम्बन्धी उद्देश्य के लिए गिनी जाएगी ।

जनक प्रसाद
अभिलेख निदेशक

भारतीय प्राणि सर्वेक्षण

कलकत्ता-12, दिनांक 24 जून 1977

सं० एफ० 70-21/77-स्थापना/15883—विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के श्री ए० के० बोस, कार्यालय अधीक्षक, को इसी विभाग में 20 जून, 1977 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक कनिष्ठ प्रशासन-अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए 650 रु०—1200 रु० के वेतन मान में नियुक्त किया जा रहा है ।

डा० टी० एन० अनन्तकृष्णन
निदेशक
भारतीय प्राणि सर्वेक्षण

आकाशवाणी महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 जून 1977

सं० 4/19/76-एस० एक—महानिदेशक, आकाशवाणी, एतद्द्वारा श्री रूपकृष्ण भट्ट को रेडियो कश्मीर, श्रीनगर में 31 मई, 1977 से अगले आदेशों तक, कार्यक्रम निष्पादक के पद पर अस्थायी रूप में नियुक्त करते हैं ।

नन्द किशोर भारद्वाज
प्रशासन उपनिदेशक
कृते महानिदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 28 जून, 1977

सं० 10/39/77-एस०-तीन—महानिदेशक, आकाशवाणी, श्री जे० थर्मय्या को दिनांक 21-5-77 (पूर्वाह्न) से उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी, चिन्सुरा में स्थानापन्न रूप से सहायक इंजीनियर नियुक्त करते हैं ।

हरजीत सिंह
प्रशासन उपनिदेशक
कृते महानिदेशक

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 जून, 1977

सं० ए० 22012/1/77 प्रशासन-I—राष्ट्रपति ने केन्द्रीय सचिवालय के अनुभाग अधिकारी ग्रेड के एक स्थायी अधिकारी श्री एच० के० क्वात्रा को 6 जून, 1977 पूर्वाह्न से 45 दिनों तक या किसी नियमित अधिकारी की सेवाओं के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड में स्थानापन्न आधार पर नियुक्त किया है ।

राष्ट्रपति ने श्री एच० के० क्वात्रा को उपरोक्त समय के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में उपनिदेशक (प्रशासन) के पद पर भी नियुक्त किया है ।

सं० ए० 32014/5/77 (एच० क्यू०) प्रशासन-I—स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने सर्वश्री वी० आर० मेनकर और सुरेन्द्र कुमार को क्रमशः 13 मई, 1977 (पूर्वाह्न) और 3 जून, 1977 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन में तकनीकी अधिकारी के पदों पर अस्थायी आधार पर नियुक्त किया है ।

सूरज प्रकाश चिन्दल
उप निदेशक प्रशासन

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

विस्तार निदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 जून, 1977

मि० सं० 2 (11)/76-स्था० (1)—श्री एन० शिवरामकृष्णन, सहायक प्रदर्शनी अधिकारी (कोटि द्वितीय) को विस्तार निदेशालय, कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग) में स्थानापन्न सहायक प्रदर्शनी अधिकारी (कोटि प्रथम) समूह 'बी' (राजपत्रित) के पद पर रुपये 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतन-मान में पूर्णतः तदर्थ रूप में 9 जून, 1977 से 16 जुलाई, 1977 तक पदोन्नत किया गया ।

मि० सं० 2 (11)/77-स्था० (1)—श्री पी० बी० दत्त, वरिष्ठ कलाकार को विस्तार निदेशालय, कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग) में स्थानापन्न सहायक प्रदर्शनी अधिकारी (दृश्य) समूह "बी" (राजपत्रित) के पद पर रुपये 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में पूर्णतः तदर्थ रूप में दिनांक 17 जून, 1977 से 28 फरवरी, 1978 तक नियुक्त किया गया ।

निर्मल कुमार दत्त
प्रशासन निदेशक

ग्रामीण विकास विभाग

विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय

फरीदाबाद, दिनांक 23 जून 1977

सं० फाईल 4-5 (45)/75-प्र० III—इस निदेशालय के विपणन अधिकारी श्री नत्था राम की सेवाओं को दिनांक 31 मई, 1977 (अपराह्न) से एक वर्ष की अवधि के लिए विदेश सेवा शर्तों पर उनके उप-निदेशक के रूप में नियुक्ति होने पर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के अधीन रखा जाता है ।

सं० फाईल 4-5 (83)/77-प्र० III—संघ लोक सेवा आयोग की संस्तुतियों के अनुसार श्री जी० के० उपाध्याय, सहायक विपणन अधिकारी को दिनांक 9 मई, 1977 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश होने तक नई दिल्ली में रु० 650—1200 के वेतनमान में स्थानापन्न विपणन अधिकारी (वर्ग II) नियुक्त किया जाता है।

विपणन अधिकारी के रूप में नियुक्ति होने पर श्री उपाध्याय ने नई दिल्ली में दिनांक 9 मई, 1977 पूर्वाह्न में सहायक विपणन अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया है।

दिनांक 27 जून 1977

सं० फाईल 4-6 (54)/74-प्र० III—संघ लोक आयोग के माध्यम से आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक के कार्यालय में आयात-निर्यात नियंत्रक के पद के रूप में चयन होने पर श्री एस० के० दादू, नई दिल्ली में इस निदेशालय के सहायक विपणन अधिकारी को, इस निदेशालय में दिनांक 20 जून, 1977 के पूर्वाह्न से उनके कार्य से मुक्त किया जाता है।

बी० एल० मनीहार
निदेशक, प्रशासन
कृते कृषि विपणन सलाहकार

भाभा परमाणु अनुसन्धान केन्द्र
कार्मिक प्रभाग

बम्बई, 85, दिनांक 24 जून 1977

सं० : बी०/415/एम० ई० डी०/स्थाप० 1/2354—भाभा परमाणु अनुसन्धान केन्द्र के नियंत्रक, श्रीमती रोशन बरजोर मिस्त्री; जो कि एक स्थाई सिस्टर एवं स्थानापन्न सहायक मैट्रन हैं, इसी अनुसन्धान केन्द्र में तारीख 23 मई 1977 के पूर्वाह्न से 2 जुलाई 1977 के अपराह्न तक श्रीमती टी० आर० वालसंगकर मैट्रन के स्थान पर, जिन्हें छुट्टी प्रदान की गई है, स्थानापन्न मैट्रन नियुक्त करते हैं।

एम० के० एस० सुब्रामनियम
उप स्थापना अधिकारी

परमाणु ऊर्जा विभाग
(क्रय एवं भंडार निदेशालय)

मुम्बई-400001, दिनांक 3 जून 1977

सं० डी० पी० एस०/ए०/32011/3/76/स्था०/11226—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशक, इस निदेशालय के अस्थायी सहायक श्री करुवथिल रवीन्द्रन को, श्री के० पी० जोसफ, सहायक कार्मिक अधिकारी, जिनको प्रशासन-अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है, के स्थान पर 5 मई, 1977 (पूर्वाह्न) से 10 जून, 1977 (अपराह्न) तक सहायक कार्मिक अधिकारी के पद पर 650-30-740-35-880-द० रो०-40-960 रुपये के वेतनमान में तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं।

सं० डी० पी० एस०/23/4/77/स्थापना/11191—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशक, निदेशालय के अस्थायी क्रय सहायक श्री चोवन्नूर विजयन को 16 मई, 1977 से 18 जून, 1977 तक उसी निदेशालय में श्री वी० कृष्णन, सहायक क्रय अधिकारी के स्थान पर जिन्हें छुट्टी प्रदान की गई है 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द०रो०-40-1200 रुपये के वेतनमान में तदर्थ आधार पर सहायक क्रय अधिकारी नियुक्त करते हैं।

बी० जी० कुलकर्णी
सहायक कार्मिक अधिकारी

मुम्बई-400 001, दिनांक 3 जून 1977

सं० डी० पी० एस०/ए०/11013/64/75/स्था०/11288—इस निदेशालय की दिनांक 2 मार्च, 1977 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में, परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशालय के निदेशक, कलकत्ता स्थित परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रान के भंडार यूनिट (क्रय एवं भंडार निदेशालय) के स्थानापन्न भंडारी श्री परारी किज़ाक्कोडन राधाकृष्णन को इस निदेशालय में तीन और महीने की अवधि के लिए, जो 31 अगस्त 1977 को समाप्त होगी, तदर्थ आधार पर सहायक भंडार अधिकारी नियुक्त करते हैं।

दिनांक 10 जून 1977

सं० डी० पी० एस०/ए०/32011/3/76-स्था०/11698—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशक, इस निदेशालय के अस्थायी क्रय सहायक श्री पी० एच० सावन्त को, श्री एम० के० चाको, सहायक क्रय अधिकारी, जिन्हें छुट्टी प्रदान की गई थी, के स्थान पर 26-4-1977 से 4-6-1977 तक के लिए इसी निदेशालय में 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रुपये के वेतनमान में तदर्थ आधार पर अस्थायी रूप से सहायक क्रय अधिकारी नियुक्त करते हैं।

के० पी० जोसफ
प्रशासन अधिकारी

मद्रास क्षेत्रीय क्रय यूनिट

मद्रास 600 006, दिनांक 9 जून 1977

सं० एम० आर० पी० यू०/200 (15)/77-प्रशासन—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशक, क्रय एवं भंडार निदेशालय के स्थानापन्न भंडारी श्री बी० श्रीपदराव को 4-4-77 के पूर्वाह्न से 7-5-77 तक क्रय एवं भंडार निदेशालय के कलपक्कम स्थित केन्द्रीय मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना में तदर्थ आधार पर सहायक भंडार अधिकारी नियुक्त करते हैं।

सं० एम० आर० पी० यू०/200 (16)/77-प्रशासन—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशक, क्रय एवं भंडार निदेशालय के स्थानापन्न भंडारी श्री वी० बालकृष्णन को 2 मई 1977 से 18 जून 1977 तक मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना, कलपक्कम में क्रय एवं भंडार निदेशालय के केन्द्रीय भंडार यूनिट में तदर्थ आधार पर सहायक भंडार अधिकारी नियुक्त करते हैं।

सं० एम० आर० पी० यू०/200 (19)/77-प्रशासन—परमाणु ऊर्जा विभाग के क्रय एवं भंडार निदेशक क्रय एवं भंडार निदेशालय के स्थानापन्न भंडारी श्री आर० नारायणन को 5 मई, 1977 के पूर्वाह्न से 18 जून, 1977 तक मद्रास परमाणु विद्युत परियोजना, कलपक्कम में क्रय एवं भंडार निदेशालय के केन्द्रीय भंडार यूनिट में तदर्थ आधार पर सहायक भंडार अधिकारी नियुक्त करते हैं।

एस० रंगाचारी,
क्रय अधिकारी

भारी पानी परियोजनाएं

बम्बई-400 008, दिनांक 24 जून 1977

सं० : भापाप/स्था०/1/सु-39/3408—भारी पानी परियोजनाओं के विशेष कार्य अधिकारी, भारी पानी परियोजना (बड़ौदा) के श्री पी० एस० सुन्दरम, अस्थायी आशुलिपिक (वरिष्ठ) को उसी परियोजना में 2 मई, 1977 से 4 जून, 1977 (अपराह्न) तक की अवधि के लिए, श्री एस० सी० ठाकुर, सहायक कार्मिक अधिकारी, जिन्हे भारी पानी परियोजना (बड़ौदा) में स्थानापन्न प्रशासन अधिकारी नियुक्त किया गया है, के स्थान पर स्थानापन्न सहायक कार्मिक अधिकारी नियुक्त करते हैं।

टी० सी० सत्यकीर्ति
वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी

बम्बई-400 008, दिनांक 24 जून 1977

सं० 05052/77/3433—भारी पानी परियोजनाओं के विशेष कार्य-अधिकारी, भारी पानी परियोजना (बड़ौदा) के श्री हरिकृष्ण रस्तोगी, अस्थायी, एस० ए० 'सी' को उसी परियोजना में फरवरी 1, 1977 के पूर्वाह्न से आगे आदेश होने तक के लिए अस्थायी रूप से स्थानापन्न वैज्ञानिक अधिकारी/अभियन्ता (ग्रेड एस० बी०) नियुक्त करते है।

सं० 05052/77/3434—भारी पानी परियोजनाओं के विशेष-कार्य-अधिकारी, भारी पानी परियोजना (बड़ौदा) के श्री दिगम्बर विश्वनाथ भोकरकर, अस्थायी फोरमैन को उसी परियोजना में फरवरी, 1, 1977 के पूर्वाह्न से आगे आदेश होने तक के लिए अस्थायी रूप से स्थानापन्न वैज्ञानिक अधिकारी/अभियन्ता (ग्रेड एम० बी०) नियुक्त करते हैं।

सं० 05052/77/3435—भारी पानी परियोजनाओं के विशेष-कार्य-अधिकारी, भारी पानी परियोजना (बड़ौदा) के श्री राजकुमार लाखी, अस्थायी एस० ए० 'सी' को उसी परियोजना में फरवरी 1, 1977 के पूर्वाह्न से आगे आदेश होने तक के लिए अस्थायी रूप से स्थानापन्न वैज्ञानिक अधिकारी/अभियन्ता (ग्रेड एस० बी०) नियुक्त करते है।

दिनांक 27 जून 1977

सं० 05052/77/3439—भारी पानी परियोजनाओ के विशेष-कार्य-अधिकारी, श्री कृष्ण दिरेन्द्राचार्य ननजनगुड, अस्थायी पर्यवेक्षक (वास्तु), भारी पानी परियोजना (तूतीकोरिन) को उसी परियोजना में फरवरी 1, 1977 (पूर्वाह्न) से आगे आदेश होने तक के लिए अस्थायी रूप से स्थानापन्न वैज्ञानिक अधिकारी/अभियन्ता (ग्रेड-एस० बी०) नियुक्त करते हैं।

सं० 05000/एम०/114/3440—भारी पानी परियोजनाओं के विशेष-कार्य-अधिकारी, राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना के श्री ए० एम० मुत्तुस्वामी, स्थायी लेखापाल को भारी पानी परियोजना (तूतीकोरिन) में मई 20, 1977 (पूर्वाह्न) से आगे आदेश होने तक के लिए अस्थायी रूप से स्थानापन्न सहायक लेखा अधिकारी नियुक्त करते है।

आर० सी० कोटिअनकर
प्रशासन अधिकारी

पर्यटन और नागर विमानन मन्त्रालय
(भारत मौसम विज्ञान विभाग)

नई दिल्ली-3, दिनांक 27 जून 1977

सं० ई० (1) 05826—वैधशालाओं के महानिदेशक, वैधशालाओं के महानिदेशक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली में व्यावसायिक सहायक श्री एम० एल० काला को 6-6-77 से 31-8-77 तक 87 दिन की अवधि के लिए स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी के पद पर नियुक्त करते हैं।

श्री काला, स्थानापन्न सहायक मौसम विज्ञानी वैधशालाओं के महानिदेशक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली में ही तैनात रहेंगे।

एम० आर० एन० मणियन
मौसम विज्ञानी
कृते वैधशालाओं के महानिदेशक

महानिदेशक नागर विमानन का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 मई 1977

सं० ए० 32013/13/76-ई० एस०—राष्ट्रपति ने श्री बी० आर० शर्मा, को महानिदेशक नागर विमानन के कार्यालय, नई दिल्ली में 29 अप्रैल, 1977 (पूर्वाह्न) से अग्र आदेश होने तक स्थानापन्न रूप में उपनिदेशक, वैमानिक निरीक्षण के पद पर नियुक्त किया है।

वि० त्रि० जौहरी,
सहायक निदेशक प्रशासन

नई दिल्ली, दिनांक 20 जून 1977

सं० ए० 32014/1/77-ई० सी०—महानिदेशक नागर विमानन ने नागर विमानन विभाग के वैमानिक संचार संगठन के श्री सी० पी० गोपीनाथन, संचार सहायक को 24-4-77 (पूर्वाह्न) से श्री के० सी० नायर, सहायक संचार अधिकारी की छुट्टी रिक्ति में सहायक संचार अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है और उन्हें वैमानिक संचार स्टेशन, हैदराबाद में तैनात किया है।

पी० सी० जैन,
सहायक निदेशक प्रशासन

केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क समाहर्ता का कार्यालय, सी० एल० एस० भवन, नामपल्ली स्टेशन रोड

हैदराबाद-500001, दिनांक 7 अक्तूबर, 1976

विषय—सीमा-शुल्क नियमावली 1975 (नामों का प्रकाशन) के नियम 3 के अधीन व्यक्तियों के नामों तथा अन्य विवरणों का प्रकाशन

मुख्यालय पी० सी० सं० 21/76—निम्नलिखित व्यक्तियों के नाम तथा उनके सम्बन्ध में दिए गए अन्य विवरण कृपया सरकारी राजपत्र में प्रकाशित कीजिए। सीमा-शुल्क नियमावली, 1975 (नामों का प्रकाशन) नियम 3 के उपबन्धों की हैसियत से इस प्रकाशन को अनुमति प्राप्त है।

"श्री कल्याणभाई तवरचन्द शाह पुत्र श्री तवरचन्द

ग्राम-नगवागांव, जिला-उदयपुर, राजस्थान

दिनांक 30-1-76 को हैदराबाद के चतुर्थ महानगरीय मजिस्ट्रेट द्वारा सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 135-बी के अधीन श्री शाह दोषी सिद्ध हुए और उनको छहमास के सश्रम कारावास की सजा दी गयी। श्री के० टी० शाह के पास से 16080/रु० मूल्य की विदेशी (हाथ की) घड़ियां बरामद हुईं।

2. श्री अब्दुल सत्तार/पुत्र मूसा निवासी—डी० सं० 1-2-587/9।

दोमलगड़ा, हैदराबाद।

दिनांक 11-2-76 को हैदराबाद के छठे महानगरीय मजिस्ट्रेट द्वारा सीमा-शुल्क अधिनियम की धारा 135-बी के अधीन श्री सत्तार दोषी सिद्ध हुए और उन पर 1000/- रु० जुर्माना किया गया तथा न्यायालय के उठने तक साधारण कारावास का दण्ड दिया गया। वे स्वर्ण (नियंत्रण) अधिनियम की धारा 85 के अधीन भी दोषी पाये गए और उनको न्यायालय के उठने तक साधारण कारावास तथा 1000/- रु० का अर्थदण्ड या अर्थदण्ड न देने की स्थिति में छह मास के कारावास की सजा सुनायी गयी। श्री सत्तार से 90 विदेशी (हाथ की) घड़ियां, सुपर सिल्वर गिलेट ब्लेड के पन्द्रह पैकेट, गिलेट प्लैटिनम ब्लेड के दस पैकेट तथा बीस-बीस डालर मूल्य की दो स्वर्ण मुद्राएं बरामद हुईं।

3. श्री मुहम्मद अनवर/पुत्र इस्माइल, 23-2-318, मुगलपुरा, हैदराबाद। दिनांक 17-5-76 को हैदराबाद के पंचम महानगरीय मजिस्ट्रेट द्वारा सीमा-शुल्क अधिनियम की धारा 135-बी के अधीन श्री अनवर दोषी सिद्ध हुए और उन्हें एक वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया। अपील करने पर भी दोषी यथावत सिद्ध हुआ। किन्तु कारादण्ड घटाकर नौ मास कर दिया गया। श्री मुहम्मद अनवर से 3825/ रु० मूल्य के विदेशी कपड़े पाये गए।"

एस० के० श्रीवास्तव,
समाहर्ता

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्तालय,

इलाहाबाद दिनांक 23 जून 1977

सं० 19/1977—मिर्जापुर मण्डल के अन्तर्गत जौनपुर में तैनात केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के स्थानापन्न अधीक्षक वर्ग (ख) श्री एस० ए० एम० रिजवी दिनांक 30-4-77 के दोपहर के बाद से सरकारी सेवा से निवृत्त हो चुके है।

सं० 20/1977—रामपुर मण्डल के अन्तर्गत चन्दौसी में स्थायी निरीक्षक (चयन ग्रेड) श्री के० एम० एल० माथुर ने, जो अगला आदेश होने तक के लिए स्थापना आदेश संख्या 301/1977 दिनांक 5-12-76 के अनुसार रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 के वेतनमान में अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क वर्ग (ख) के पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त किए गए हैं, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क मण्डल, इलाहाबाद में दिनांक 23-12-76 (पूर्वाह्न) को अधीक्षक वर्ग (ख) के कार्यालय का कार्यभार सम्भाल लिया।

के० एम० दिलीपसिंह जी,
समाहर्ता

वन अनुसन्धान संस्थान एवं महाविद्यालय

देहरादून, दिनांक 24 जून 1977

सं० 16/258/76-स्थापना I—अध्यक्ष वन अनुसन्धान संस्थान एवं महाविद्यालय, देहरादून श्री होरी लाल को वन अनुसन्धान शाला, बंगलूर में दिनांक 16 मई, 1977 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक सहर्ष अनुसन्धान अधिकारी नियुक्त करते हैं।

सं० 16/110 ए/77-स्थापना-I—श्री पी० एन० निगम, अनुसन्धान अधिकारी, वन अनुसन्धान संस्थान एवं महाविद्यालय देहरादून का दिनांक 30 मई 1977 को देहावसान हो गया।

हीरा बल्लभ जोशी,
कुल सचिव,
वन अनुसंधान स्थान एवं महाविद्यालय

पोतवहन और परिवहन मन्त्रालय

(नौवहन महानिदेशालय)

बम्बई-400001, दिनांक 25 जून, 1977

सं० 25-ए० डी० एम० एन० (2)/77—पोतवहन महानिदेशक संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिश पर नौवहन महानिदेशालय, के स्थाई अधीक्षक श्री वाई० एम० अग्निहोत्री, को 12 मई, 1977 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेशों तक अस्थाई तौर पर फ्रेट इन्वेस्टिगेटिंग अधिकारी, कांडला, के रूप में नियुक्त करते हैं।

एस० एम० ओचाणी,
नौवहन उप महानिदेशक

दक्षिण पूर्व रेलवे

कार्यालय, मुख्य कार्मिक अधिकारी

गार्डेनरीच, दिनांक 17 जून 1977

सं० पी०/जी०/14/300 एफ०—इस रेलवे के सामान्य प्रशासन-शाखा के श्रेणी II के निम्नलिखित स्थानापन्न अधिकारियों का पुष्टीकरण उक्त पद पर प्रत्येक के सामने उल्लिखित तारीख से किया जा रहा है :—

क्रम० सं०	नाम	श्रेणी II के पद पर पुष्टि	पुष्टीकरण की तारीख	नियत किए गए विभाग
	श्री			
1.	ए० के० दास	सहायक उप महाप्रबन्धक	3-3-76	सिविल इंजीनियरी
2.	श्री एम० एस० आर० मूर्ति	सहायक सचिव, महाप्रबन्धक	3-3-76	सिविल इंजीनियरी

एम० एस० गुजराल,
महाप्रबन्धक

कार्यालय, महाप्रबन्धक

कलकत्ता-700043, दिनांक 22 जून 1977

सं० पी०/सी०/14/300 एफ०—सामान्य प्रशासन-शाखा के, श्रेणी II के अधिकारी श्री पी० यू० सी० चौधरी का पुष्टीकरण सहायक जन-सम्पर्क अधिकारी (श्रेणी-II) के रूप में दिनांक 30-8-1974 से किया जा रहा है और इनका नियतन परिवहन (यातायात) एवं वाणिज्य विभाग में किया जा रहा है।

एम० मेनेजिज,
महाप्रबन्धक

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

महाप्रबन्धक का कार्यालय

(कार्मिक शाखा)

पांडु, दिनांक 16 जून 1977

सं० ई/55/111/96 (ओ)—निम्नलिखित अधिकारियों को द्वितीय श्रेणी सेवा में सहायक विद्युत इंजीनियर के रूप में उनके नाम के सामने दी गयी तारीख से स्थायी किया जाता है :—

क्रम सं०	नाम	जिस तारीख से स्थायी किया गया
1.	श्री बी० बी० सरकार	5-5 76
2.	श्री ए० वी० सुन्दरम	1-12-76

दिनांक 23 जून 1977

सं० ई/55/111/92 भाग-II (ओ)—श्री डी० सिंह को, जिन्हें भारतीय रेलों के उच्च राजस्व स्थापना के सिगनल इंजीनियरी विभाग में परिवीक्षाधीन नियुक्त किया गया था, अवर वेतनमान में दिनांक 8-2-77 से स्थायी किया जाता है।

जी० एच० केसवानी,
महाप्रबन्धक

श्रम और पुनर्वास मन्त्रालय

(श्रम और रोजगार विभाग)

कार्यालय कल्याण आयुक्त, अभ्रक खान श्रम हितकारी कोष, राजस्थान

भीलवाड़ा, दिनांक 1 जून 1977

सं० 1/2/77-स्थापन-I—महालेखाकार राजस्थान, जयपुर के कार्यालय के अनुभाग अधिकारी श्री रतन लाल कोठारी की लेखाधिकारी, अभ्रक खान श्रम हितकारी कोष, राजस्थान, भीलवाड़ा के पद पर नियुक्ति होने के फलस्वरूप श्री कोठारी ने उपर्युक्त लेखाधिकारी के पद का कार्यभार दिनांक 10 मई, 1977 (पूर्वाह्न) से संभाल लिया है।

नन्द लाल शर्मा,
कल्याण आयुक्त

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मन्त्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

कम्पनी विधि बोर्ड

कम्पनीयों के रजिस्ट्रार का कार्यालय

कम्पनी अधिनियम 1956 डेबोनेयर लिमिटेड के विषय में

हैदराबाद, दिनांक 16 जून 1977

सं० 643/560 (3)/77—कम्पनी अधिनियम की धारा 560 की उपधारा (3) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि इस तारीख से तीन माह के अवसान पर डेबोनेयर

लिमिटेड का नाम इसके प्रतिकूल कारण दर्शित न किया गया तो रजिस्टर से काट दिया जाएगा और उक्त कम्पनी विघटित कर दी जाएगी।

ओम प्रकाश जैन
कम्पनियों का रजिस्ट्रार
आंध्र प्रदेश, हैदराबाद

कम्पनी अधिनियम 1956 और "मलहमगल फन्डस (प्राइवेट), लिमिटेड" के विषय में

पांडिचेरी, दिनांक 25 जून 1977

सं० 99/76—कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 उपधारा (5) की अनुसार एक्ट द्वारा दी जाती है कि "मलहमगल फन्डस (प्राइवेट) लिमिटेड" का नाम आज रजिस्टर से हटा दिया गया है और उक्त कम्पनी भंग हो गई है।

सीताराम
कम्पनियों का रजिस्ट्रार
पांडिचेरी

कार्यालय आयकर आयुक्त, दिल्ली-2

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1977

आयकर

एफ० सं० जुरि/दिल्ली/2/77-78/15861—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43वां) की धारा 123 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का तथा इस सम्बन्ध में प्राप्त अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इस विषय पर पहले के सभी आदेशों में संशोधन करते हुए, आयकर आयुक्त, दिल्ली-2, नई दिल्ली निदेश देते हैं कि नीचे दी गई अनुसूची के कालम-1, में निर्दिष्ट निरीक्षीय सहायक आयकर आयुक्त उक्त अधिनियम के अन्तर्गत उसी अनुसूची के कालम-2 में निर्दिष्ट डिस्ट्रिक्ट/सर्किलों के आयकर अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले क्षेत्रों या व्यक्तियों या व्यक्तियों के वर्गों, आय या आय के वर्गों या मामलों या मामलों के वर्गों के बारे में निरीक्षीय सहायक आयकर आयुक्त के सभी कार्य करेंगे :—

अनुसूची

रेंज	आयकर डिस्ट्रिक्ट/सर्किल
निरीक्षीय सहायक आयकर आयुक्त रेंज-2 (बी) नई दिल्ली।	1. डिस्ट्रिक्ट-6-नई दिल्ली
निरीक्षीय सहायक आयकर आयुक्त रेंज-2-सी०-व-सम्पदा शुल्क, नई दिल्ली।	1. कम्पनी सर्किल 6, 17, 18, 21 व 24, नई दिल्ली। 2. सम्पदा शुल्क व आयकर सर्किल 3. अतिरिक्त संपदा शुल्क व आयकर सर्किल, नई दिल्ली। 4. ट्रस्ट सर्किल-3, नई दिल्ली।
निरीक्षीय सहायक आयकर आयुक्त रेंज-2-डी, नई दिल्ली।	1. कम्पनी सर्किल-22, नई दिल्ली। 2. ठेकेदार सर्किल, नई दिल्ली। 3. वकील सर्किल, 1 व 2, नई दिल्ली। 4. ट्रस्ट सर्किल-1 व 2, नई दिल्ली

यह अधिसूचना से लागू होगी।

जगदीश चन्द
आयकर आयुक्त, दिल्ली-2

प्ररूप आई० टी० एस० एस०—

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269 ख (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, एरणाकुलम

एरणाकुलम, दिनांक 27 जून 1977

निर्देश सं० एल० सी० 143/77-78—यतः मुझे सी० पी० ए० वासुदेवन,

आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है

और जिसकी सं० अनुसूची के० अनुसार है, जो चेनगपडेरि विलेज तिरूवनन्तपुरम में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय, चाले में भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 24-1-1977।

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का 15 प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269 ग के अनुसरण में, मैं उक्त अधिनियम की धारा 269 ख की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

(1) श्रीमती लकसिम अम्माल (अन्तरक)

(2) डा० पी० नीरुकन्टन (अन्तरक)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तामील में 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा ;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20 क में यथा परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

8 Cents of land with buildings in Sy. No. 9/64 of Chengazhassasi village in Trivandrum.

सी० पी० ए० वासुदेवन
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, एरणाकुलम

तारीख : 27-6-197
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एम० एस०————————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन क्षेत्र भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जुलाई 1977

निर्देश सं० आई० ए० सी० एक्वी०/भोपाल 77-78/871—अतः, मुझे रा० कु० बाली
आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25000/- रुपए से अधिक है
और जिसकी सं० भू-भाग है जो देवास में स्थित है (और इससे उपबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्त्ता अधिकारी के कार्यालय देवास में रजिस्ट्रीकृत अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 4-11-76
पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिये अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिये था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्री महाराज मसावत राव पवार, दुर्गा बाग, देवास। (कानेष्ठ) (अन्तरक)

2. मेसर्स प्रेस सिंडीकेट, -11, तुकोगंज मेनरोड इन्दौर (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप:—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्सम्बन्धी व्यक्तियों पर सूचना की तारीख से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण:—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों को, जो उक्त अधिनियम, के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

एक भू-भाग क्षेत्रफल 2013 एकड़ सर्वे नं० 43, स्थित दुर्गाबाग पैलेस, देवास।

रा० कु० बाली,
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)
अर्जन रेंज भोपाल

तारीख : 1-7-1977
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एस० एस०———

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ(1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन क्षेत्र, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 जुलाई 1977

निदेश सं० आई० ए० सी० एक्सी/भोपाल/77-78/872—अतः, मुझे रा० कु० बाली,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269 ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं० जूनिन बिल्डिंग है, जो भोपाल में स्थित है (और इससे पबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी के कार्यालय भोपाल में रजिस्ट्रीकृए धिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन 16-11-76

को पूर्वोक्त संपत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त संपत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धनकर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269 ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269 घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्री जी० एन० पारथासार्थी पुत्र श्री सी० नटराजन निवासी ई 1/165, प्राइवेट सेक्टर अरेरी कालोनी, भोपाल—(अन्तरक)

2. श्रीमती चन्द्रकान्ता शर्मा पतिवत मेसर्स भुनिवर्सल इन्डस्ट्रीज, 2-3, इन्डस्ट्रीयल स्टेट, गोविन्द पुरा, भोपाल/(अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त संपत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में यथा परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

भूमि व बिल्डिंग स्थित ई० 1/165, प्राइवेट सेक्टर, अरेरा कालोनी, भोपाल।

रा० कु० बाली
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, भोपाल।

तारीख 1-7-1977
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, लखनऊ

लखनऊ, दिनांक 1 जुलाई 1977

निर्देश सं० 34भी/अर्जन—अतः मुझे अमर सिंह बिसेन,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर संपत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रु० से अधिक है

और जिसकी सं-मकान नं० 100/13, है तथा जो राजन आश्रम, गन्नेवाली गली गौतम बुद्ध मार्ग लखनऊ में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्त्ता अधिकारी के कार्यालय लखनऊ में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख 22-11-1976।

पूर्वोक्त संपत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त संपत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) एसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269घ की उपधारा (1) के अधीन, निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. डा० मिसेज इलजाबेथ जोजफ (अन्तरक)

2. श्री विजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, श्रीमती बिमला सिंह, सरोज दहिया आशा दहिया (अन्तरिती)

3. डा० मिसेज इलिजाबेथ जोसफ (वह व्यक्ति, जिसके अधिभोग में सम्पत्ति है)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त संपत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त संपत्ति के अर्जन के संबंध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर संपत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण :—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

एक मकान 100/13, राजन आश्रम गन्ने वाली गली, गौतम बुद्ध मार्ग, लखनऊ।

अमर सिंह बिसेन,
सक्षम प्राधिकारी
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, लखनऊ

तारीख : 1-7-1977
मोहर :

प्ररूप आई० टी० एन० एस०———

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 269-घ (1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज शिलोंग

शिलोंग दिनांक 25 जून 1977

निर्देश सं० ए-132/77-78/ टी० एम० के० —अत: मुझे एगवार्ट सिंह,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपये से अधिक है और जिसकी सं० डाग सं० 337 339 (पुरानी) 442, 425 और 505, नयी और पि० पि० सं० 28 (पुरानी) 73 और 75 नयी है तथा जो माकुम जांशन माकुम डिब्रुगड़, आसाम, में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकर्त्ता अधिकारी के कार्यालय डिब्रुगड़ में, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन तारीख 1-12-1976

को पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत अधिक है और अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत उक्त अधिनियम, के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए ; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों को, जिन्हें भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम, या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था छिपाने में सुविधा के लिए;

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में, मैं, उक्त अधिनियम की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित व्यक्तियों, अर्थात् :—

1. श्री डोफन लुंग (1) डो काम चुंग (3) मिसेस मार्गेट चेउ मिंगुसपल्ली श्री ह्रो फुनलुं माकुम जांशन (अन्तरक)

2. श्रीमती बुलबुल भट्टाचार्जी, सपुत्री श्री विमल कुमार भट्टाचार्जी माकुम जंशन रोड, (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

उक्त सम्पत्ति के अर्जन के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप :—

(क) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की अवधि या तत्संबंधी व्यक्तियों पर सूचना की तामील से 30 दिन की अवधि, जो भी अवधि बाद में समाप्त होती हो, के भीतर पूर्वोक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति द्वारा ;

(ख) इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर उक्त स्थावर सम्पत्ति में हितबद्ध किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, अधोहस्ताक्षरी के पास लिखित में किए जा सकेंगे।

स्पष्टीकरण—इसमें प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो उक्त अधिनियम के अध्याय 20-क में परिभाषित है, वही अर्थ होगा, जो उस अध्याय में दिया गया है।

अनुसूची

जमीन के नापतोल 4 बिघा, 0 कठा और 19 लेछा और उसके साथ एक चांग बांगलो, घर और सोड हैं जो माकुम जांशन शहर, डिब्रगड़ जिला, आसाम में स्थित हैं।

एगवर्ट सिंह
सक्षम प्राधिकारी,
सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण),
अर्जन रेंज, शिलोंग

तारीख 25-6-1977
मोहर :

प्ररुप आई० टी० एन० एस०————————

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की
धारा 269-घ(1) के अधीन सूचना

भारत सरकार

कार्यालय, सहायक आयकर आयुक्त (निरीक्षण)

अर्जन रेंज, रोहतक

रोहतक, दिनांक 28 जून 1977

निर्देश सं० सी० एच० डी०/48/76-77—अतः मुझे ई० के० कोशी,

आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है), की धारा 269-ख के अधीन सक्षम प्राधिकारी को, यह विश्वास करने का कारण है कि स्थावर सम्पत्ति, जिसका उचित बाजार मूल्य 25,000/- रुपए से अधिक है

और जिसकी सं० एस० सी० ओ० नं० 61 सैक्टर 30-सी० है तथा जो चन्डीगढ़ में स्थित है (और इससे उपाबद्ध अनुसूची में और पूर्ण रूप से वर्णित है), रजिस्ट्रीकरर्त्ता अधिकारी के कार्यालय चन्डीगढ़ में, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन, तारीख अक्तूबर 1976।

पूर्वोक्त सम्पत्ति के उचित बाजार मूल्य से कम के दृश्यमान प्रतिफल के लिए अन्तरित की गई है और मुझे यह विश्वास करने का कारण है कि यथापूर्वोक्त सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य, उसके दृश्यमान प्रतिफल से, ऐसे दृश्यमान प्रतिफल का पन्द्रह प्रतिशत से अधिक है और यह कि अन्तरक (अन्तरकों) और अन्तरिती (अन्तरितियों) के बीच ऐसे अन्तरण के लिए तय पाया गया प्रतिफल, निम्नलिखित उद्देश्य से उक्त अन्तरण लिखित में वास्तविक रूप से कथित नहीं किया गया है :—

(क) अन्तरण से हुई किसी आय की बाबत, उक्त अधिनियम के अधीन कर देने के अन्तरक के दायित्व में कमी करने या उससे बचने में सुविधा के लिए; और/या

(ख) ऐसी किसी आय या किसी धन या अन्य आस्तियों, को जिन्हें भारतीय आय-कर अधिनियम, 1922 (1922 का 11) या उक्त अधिनियम या धन-कर अधिनियम, 1957 (1957 का 27) के प्रयोजनार्थ अन्तरिती द्वारा प्रकट नहीं किया गया था या किया जाना चाहिए था, छिपाने में सुविधा के लिए;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 269-ग के अनुसरण में मैं, उक्त अधिनियम, की धारा 269-घ की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखत व्यक्तियों, अर्थात्:—

1. श्री प्राणनाथ सेखरी पुत्र लाला ज्ञान चन्द सेखरी निवासी मकान नं० 1239, सैक्टर 22-बी, चन्डीगढ़। (अन्तरक)

2. श्री रतन चन्द पुत्र पंडित राम लाल मारफत ऐस० सी० एफ नं० 61 सैक्टर 30-सी०, चन्डीगढ़। (अन्तरिती)

को यह सूचना जारी करके पूर्वोक्त सम्पत्ति के अर्जन के लिए कार्यवाहियां करता हूं।

